>

Title: Need for construction of roads as per the guidelines and re-start of road works in Saharanpur Parliamentary Constutiency of Uttar Pradesh.

**श्री जगदीश सिंह राणा (सहारनपुर):** महोदय, मैं सदन के माध्यम से आपके संज्ञान में लाना चाहूंगा कि मेरे संसदीय क्षेत्र सहारनपुर, उत्तर प्रदेश में केन्द्रीय सड़क निधि से सहारनपुर-मलीपुर-बड़गांव मार्ग मात्र 28 किलोमीटर की दूरी पर 29 करोड़ रुपये स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष में 600 लाख रुपये निर्माण विभाग को दिए गए थे। लेकिन अत्यन्त दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि निर्माण कार्य पूर्णरूप से बंद है। मात्र 10 प्रतिशत सड़क निर्माण कार्य किया गया है और वह भी मानक के अनुरूप नहीं है। केन्द्रीय योजना के अंतर्गत दूसरी सड़क सहारनपुर-हथिनी कुंड-बैराज रोड पर भी केन्द्र सरकार द्वारा 37 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए थे। सापेक्ष में 800 लाख रुपये धनराशि आवंटित की गई थी। उक्त मार्ग की स्थिति भी ठीक नहीं है। विभागीय अधिकारी द्वारा केन्द्रीय निधि का दुरुपयोग करके मानक के अनुरूप सड़क निर्माण न करवाना और निर्माण कार्य बीच में रोक देना उचित नहीं है। यह केन्द्रीय निधि का खुला दुरुपयोग है।

महोदय, सड़क निर्माण न होने के कारण रोज दुर्घटनाएं घटती हैं। मैं एक वर्ष से लगातार माननीय मंत्री महोदय को अनेक बार बता चुका हूं, लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। सड़क के गड्ढों के निर्माण में कोई अंतर नहीं है। अत: आपसे अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र सहारनपुर, उत्तर प्रदेश में केन्द्रीय निधि से बनने वाले मार्गों को मानक के अनुरूप बनाया जाए और रुके हुए सड़क निर्माण कार्य अविलंब प्रारंभ किए जाएं। इसमें अनियमितता बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने हेतु एवं सड़क निर्माण कार्य के लिए शेष धनराशि आवंटित करवाने की कार्यवाही की जाए।